» न्यूज-ब्रीफ

बल्ब तालाब की पाल से अतिक्रमण हटाया

मालपुरा। बम्ब तालाब का सौंदर्यकरण को लेकर तालाब की पाल पर हो रहे अतिक्रमणों पर नगरपालिका प्रशासन ने शुक्रवार को कार्यवाही शुरू की। नगरपालिका क्षेत्र में स्थित बम्ब तालाब की पाल के पास हो रहे अतिक्रमणों पर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी रामजीत चौधरी व पुलिस थाना मालपुरा की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण हटाया गया। बम्ब तालाब की पाल पर बने हुए कच्चे बाड़ो को जेसीबी से हटाया गया। अधिशाषी अधिकारी रामजीत चौधरी ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा बम्ब तालाब की पाल को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा तथा बम्ब तालाब का सौंदर्यकरण का कार्य किया जाएगा। क्षेत्रवासियों की भी लंबे समय से अतिक्रमण हटाने की शिकायतें मिल रही थी।

भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा कार्य समिति की बैठक 22 फरवरी को

सीमा सन्देश संवाददाता

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा की कार्य समिति बैठक जिलाध्यक्ष अशोक कुमार बाहेती की अध्यक्षता एवं हुरड़ा तहसील सभा के आतिथ्य में दिनांक 22 फरवरी 2026 को प्रातः 9.00 बजे से ग्राम हुरड़ा के माहेश्वरी भवन में आयोजित होगी। जिसमें भीलवाड़ा जिले के माहेश्वरी सभा के कार्य समिति सदस्य सहित महासभा के श्रृंखला बद्ध संगठन महासभा, प्रदेश सभा, जिला सभा के कार्य समिति सदस्य, समस्त तहसीलों के अध्यक्ष, मंत्री, मनोनीत सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य के साथ ही तहसील सभा हुरड़ा के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा द्वारा आयोजित जोधपुर महा अधिवेशन के प्रस्ताव, आगामी सत्र के चुनाव, जिले में महासभा की योजनाओं की क्रियान्वित पर प्रस्ताव, समाज में शिक्षा, चिकित्सा व सामाजिक सुरक्षा हेतु नवीन योजनाओं सहित अनेक विषयों पर चर्चा एवं मंथन होगा।

बढ़ते साइबर अपराधों और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत रहें: एस.पी.

- **जिला पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को सुरक्षित व जागरूक बनाने हेतु कार्यक्रम आयोजित**

सीमा सन्देश संवाददाता

ब्यावर। जिला पुलिस प्रशासन ने विद्यार्थियों को सुरक्षित और जागरूक बनाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया। सेन्ट पॉल स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला अपराध, साइबर सुरक्षा, सडक सुरक्षा और बाल वाहिनी मानकों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने छात्रों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के दौर में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा ने छात्र-छात्राओं को छेड़छाड़, दुष्कर्म, घरेलू हिंसा और पॉक्सो एक्ट के तहत कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पुलिस की सहायता के लिए राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फर्जी कॉल/लिंक से बचने और ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया। सडक सुरक्षा और बाल वाहिनी की जांच यातायात नियमों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग और नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। जिला परिवहन अधिकारी कुल ज्योति ने स्कूल प्रबंधकों को बाल वाहिनी के सुरक्षा मानकों को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान परिवहन इंस्पेक्टर भागचंद नवल ने मौके पर बाल वाहिनी वाहनी की जांच की और आवश्यक सुधारों के बारे में बताया। कार्यक्रम में थानाधिकारी साकेतनगर जितेन्द्र फौजदार, महिला थानाधिकारी विद्या मीणा, यातायात प्रभारी पूनम चंद सहित विभिन्न स्कूलों के प्रबंधक, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार: महर्षि

सामाजिक न्याय दिवस किया गया विधिक जागरूकता कार्यक्रम

कुचामन सिटी। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री नाहर सिंह मीणा के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति श्री सुन्दर लाल खारोल के आदेशानुसार जागृति इकाई के सदस्य रोडवेज प्रबन्धक सुजल महर्षि द्वारा कस्बा कुचामन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री महर्षि ने कहा कि विधिक सेवा समिति द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलवाने के लिए नि:शुल्क विधिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर, समान अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार मिलना।

जाति, धर्म, लिंग, भाषा या आर्थिक स्थिति के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। हमारे संविधान द्वारा भी प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। संविधान की प्रस्तावना में ह्यह्यसामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्यायह्यह्य का स्पष्ट उल्लेख है। आज भी समाज में कई लोग गरीबी, अशिक्षा, भेदभाव और अन्याय का सामना कर रहे है। हमें अपने व्यवहार में समानता, भाईचारा और सहानुभूति को अपनाना होगा। जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति न्याय और सम्मान नहीं पा लेता, तब तक हमारा विकास अधूरा रहेगा। हम सभी को भेदभाव को समाप्त करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और समान अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीब, कमजोर, अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला, बालक, श्रमिक एवं दिव्यांगजन को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

खाटूश्यामजी लक्खी मेले के दौरान चिकित्सा विभाग ने की कार्रवाई

394 किलो मिल्क केक एवं 70 किलो अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई

- **खाटूश्यामजी लक्खी मेले के दौरान चिकित्सा विभाग ने की कार्रवाई**

सीमा सन्देश संवाददाता

सीकर। खाटूश्यामजी के लक्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का शुद्ध व ताजा खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं खाद्य सामग्री की जांच की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ टी शुभमंगला के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार वस्तुओं की जांच व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान मिलावट की आशंका व अवधि पार मिलने वाली खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया जा रहा हैं। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने रींगस में

394 किलोग्राम मिल्क केक और 70 किलोग्राम अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई।

रींगस में डीएसटी टीम के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया और सुरेश कुमार शर्मा ने पिकअप गाड़ी द्वारा खाटू मेले में सप्लाई किए जा रहे मिल्क केक एवं मावे की मिठाई के सैम्पल लेकर मिलावट की आशंका पर 394 किलोग्राम मिल्क केक व मावा मिठाई को वाहन चालक निहानचंद निवासी घासौली जिला खैरथल तिजारा की सहमति से जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर नष्ट करवाया। साथ ही मिल तिराह, बीकानेर बस स्टैण्ड पर मेले के मददेनजर खाद्य वस्तुओं की दुकानों का निरीक्षण किया।

इस दौरान मिल तिराहा पर स्थित होटल स्टार वैली में अवधि पार 55 किलोग्राम चिप्स, कुरकुरे नष्ट करवाए तथा रेलवे स्टेशन रींगस पर श्री श्याम चाट भंडार पर ब्रेड पैकेट अवधि पर मिलने पर दुकान की सहमति से 15 किलोग्राम ब्रैड नष्ट करवाई। इस दौरान व्यापारियों को साफ सफाई रखने एवं एफएसएसएआई एक्ट 2006 की पालन करने के लिए पाबंद किया। सैंपलों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण

जनगणना के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य पूर्ण निष्ठा से सम्पादित करें : एडीएम

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। राज्य सरकार के निदेशानुसार प्रस्तावित 16 वीं जनगणना 2027 के अन्तर्गत जिले में चार्ज कार्यालयों में नियुक्त नियमित सहायक/जनगणना लिपिकों का तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में आयोजित किया गया तथा प्रायोगिक प्रशिक्षण राजकीय औद्योगिक संस्थान कोटपूतली में शुक्रवार को आयोजित किया गया।

एडीएम ने कहा कि यह देश की पहली पूर्ण डिजिटल जनगणना होगी, जो केवल आंकड़ों का संकलन नहीं बल्कि राष्ट्रीय नीतियों, योजनाओं, विकास की दिशा निर्धारण तथा परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो की आधार शिला है। उन्हांने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के चार्ज कार्यालयों में नियुक्त नियमित सहायक/जनगणना लिपिकों को निर्देशित किया कि वे तकनीकी एवं व्यवहारिक चुनौतियों को गंभीरता से लेते हुये समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण के तहत 01 मई से 15 मई तक निर्धारित स्वगणना तथा मकान सूचीकरण की गणना 16 मई से 14 जून की अवधि में आयोजित की जायेगी। आमजन को अधिकाधिक जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही समस्त प्रशासनिक दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने पर बल दिया गया। समापन सत्र में तहसीलदार रामधन गुर्जर ने जनगणना 2027 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण डिजिटल प्रक्रिया का प्रबंधन एवं निगरानी सीएमएमएस (सीएमएमएस) पोर्टल के माध्यम से की जावेगी। ब्लॉक/सुपरवाईजर्स सर्किल निर्माण से लेकर प्रशिक्षण प्रबन्ध तक के सभी कार्य पोर्टल आधारित होगें। जनगणना कार्य निदेशालय राजस्थान जयपुर से आये मास्टर ट्रेनर दीपक एवं लोकेश द्वारा प्रशिक्षण के दौरान प्रथम चरण की व्यवहारिक चुनौतियों, मकान सूचीकरण प्रक्रिया, सीएमएमएस पोर्टल, एचएलबीसी वेब एप्लीकेशन एवं हेलो मोबाईल एप के तकनीकी पहलुओं की गहनता से प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उप निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग से प्रोग्रामर मनोज कुमार, उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से बाबूलाल बैरवा जनगणना प्रकोष्ठ प्रभारी, गौरव कुमार सांख्यिकी निरीक्षक, भानेश कुमार मिश्रा सूचना सहायक एवं चार्ज कार्यालयां (ग्रामीण/शहरी) के नियमित सहायक/जनगणना लिपिकों ने भाग लिया।

जिला कलक्टर के निर्देश पर चलाया जा विशेष अभियान

घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डरों की अवैध रिफिलिंग पर रसद विभाग की कारवाई

सीमा सन्देश संवाददाता

डीडवाना-कुचामन। जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत के निर्देश पर जिले में खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग को रोकने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत के तहत गुरुवार को जिला रसद कार्यालय डीडवाना-कुचामन की टीम दीपक कुल्हार (प्रवर्तन अधिकारी), विरेन्द्र सिंह (प्रवर्तन निरीक्षक) व मनीषा गुर्जर (प्रवर्तन निरीक्षक) द्वारा ग्राम दीनदारपुरा तहसील स्थित चॉयल टी स्टॉल के मालिक श्रवण कुमार सैन की दुकान पर कार्यवाही की गई।

जिला रसद अधिकारी उपेंद्र ढाका ने बताया कि कारवाई में मौके पर 12 घरेलू गैस सिलेण्डरों व तीन इलेक्ट्रॉनिक प्रेसर पम्प जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि वहीं अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के परबतसर में बस स्टेण्ड के पास स्थित 05 प्रतिष्ठानों से 13 घरेलू गैस सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग करने के कारण जब्त किए गए। इस दौरान श्री जनता स्वीट्स 4 नमकीन, कान्हा मिष्ठान भण्डार, जोधपुर मिष्ठान भण्डार, कृष्णा मिष्ठान भण्डार पर कार्यवाही की गई। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि साथ ही टीम द्वारा कुचामन सिटी में श्री सालासर वर्कशाप पर एलपीजी की वाहनों में अवैध रिफिल करने हेतु प्रयुक्त की जाने की मशीन व तीन गैस सिलेंडर जब्त की गई। टीम में प्रवर्तन आधकारी दीपक कुल्हार प्रवर्तन निरीक्षक विरेन्द्र जाखड़, प्रवर्तन निरीक्षक रामलाल जाट मौजूद रहे।

छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की

ब्यावर । शहर के दो राजकीय विद्यालयों में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेंदड़ा रोड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सेंदड़ा रोड में आयोजित समारोह में कक्षा 9 की 28 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। मुख्य अतिथि निवर्तमान सभापति नरेश कनौजिया थे। प्रधानाचार्य रमेश चंद्र दाधीच ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छापरों का बाडिया में भी समारोह हुआ। प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह चौहान ने छात्राओं को परीक्षा में अच्छे नम्बरों से पास होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्वा फुलवारी, जुनैद अहमद अंसारी, मनीष कुमार शर्मा, नीतू सोलंकी आदि मौजूद थे।

आपराधिक मामले की जांच जारी

विद्युत विभाग का सूचना सहायक आकाश जैन हुए निलंबित

ब्यावर। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में कार्रवाई करते हुए ब्यावर में पदस्थ सूचना सहायक आकाश जैन को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ आपराधिक मामले की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार आकाश जैन के खिलाफ पीसी अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 और बीएनएस 2023 की धारा 238 के तहत एफआईआर संख्या 33, दिनांक 06 फरवरी 2026 को दर्ज की गई थी। आकाश जैन एवीवीएनएल, ब्यावर के अधीक्षण अभियंता (ओ एंड एम) कार्यालय में सूचना सहायक के पद पर कार्यरत थे। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अजमेर के प्रबंध निदेशक ने पूर्ववर्ती आरएसईबी कर्मचारी (सीसी एंड ए) विनियम-1962 के विनियम संख्या 9 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निलंबन आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

निलंबन अवधि के दौरान आकाश जैन का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता (ओ एंड एम), एवीवीएनएल, नागौर कार्यालय निर्धारित किया गया है। उन्हें प्रतिदिन कार्यालय में रखे गए उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। साथ ही, उन्हें नियंत्रण अधिकारी या मुख्यालय की पूर्व अनुमति के बिना निर्धारित मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

‘रमजान महीने में अधिक से अधिक इबादत करें’

सीमा सन्देश संवाददाता

मालपुरा। रमजान के पहले जुमे के दिन शहर की जामा मस्जिद सहित क्षेत्र की सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। शहर काजी सैयद वकार अहमद नकवी ने जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा कराई और मुस्लिम धमार्लंबियो लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह महीना अल्लाह की रहमत और मगफिरत का है। उन्होंने देश में अमन, चैन और शांति की दुआ कराई। नमाजियों ने हाथ उठाकर अल्लाह से देश और समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी और रमजान की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, जो अल्लाह की इबादत करने और रमजान के पहले जुमे की बरकत हासिल करने पहुंचे थे। शहर काजी ने अपने संबोधन में लोगों से अपील की कि वे इस महीने में अधिक से अधिक इबादत करें और अल्लाह की रहमत के लिए दुआ करें। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना हमें सिखाता है कि हम एक दूसरे के साथ प्यार और भाईचारे के साथ रहें और समाज में अमन-चैन बनाए रखें।

सूचना

मेरे पति चन्द्रपाल पुत्र हरसा राम के नाम से एक ट्रेक्टर सोनालीका DI 60 है, जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ 18 RB 5625, चेचिस नम्बर EZDDF570507 इंजन नम्बर EZDDF570507S3, मॉडल 2016 है। मेरे पति का देहान्त दिनांक 30/07/2024 को हो चुका है। उक्त ट्रैक्टर को अब अपने नाम से रजिस्टर्ड करवाना चाहती हूं। जिसको लेकर किसी को कोई आपत्ति हो तो जिला परिवहन कार्यालय में दर्ज करवाए।

सुमन पत्नी चन्द्रपाल, निवासी-लाखू, तहसील-सूरजगढ़, जिला-झुंझुनूं (राज.)

Godrej Finance Limited

Godrej | FINANCE
A Godrej Capital Company

सार्वजनिक सूचना

भारतीय रिजर्व बैंक (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियां – शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2025 के पैरा 11 और भारतीय रिजर्व बैंक (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियां – उत्तरदायी व्यावसायिक संचालन) निर्देश, 2025 के पैरा 102 के अनुसार 'गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड' द्वारा सार्वजनिक सूचना

गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी" या "जीएफएल") एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है, जो कंपनी अधिनियम, 1956 (कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67120MH1992PLC065457) के अंतर्गत निगमित है और भारतीय रिजर्व बैंक (सीओआर. सं.: 13.00368) में नॉन-डिपॉजिट स्वीकार करने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी ("एनबीएफसी") के रूप में पंजीकृत है। जीएफएल का पंजीकृत कार्यालय गोदरेज वन, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई - 400079, महाराष्ट्र में स्थित है।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी संचालन कारणों से इस नोटिस की तारीख से 3 महीने के भीतर, यूनिट नं. D, लोअर ग्राउंड फ्लोर, 12A, कैपिटल गैलेरिया, 4 मनु मार्ग, अलवर, राजस्थान – 301001 पर स्थित अपने शाखा कार्यालय को, 201, दूसरी मंजिल, स्क्वायर-23, प्लॉट नं. 23, आर्य नगर, विजय मंदिर रोड, अलवर, राजस्थान - 301001 पर स्थानांतरित करेगी।

ग्राहक अपने सभी प्रश्न customercare@godrejcapital.com पर भेज सकते हैं।

इस संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण या पूछताछ के लिए, इस सूचना की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में मुख्य अनुपालन अधिकारी श्री योगेश जैन से संपर्क करें या gfl.compliance@godrejfinance.com पर भेजें।

हस्ताक्षरकर्ता/-
गोदरेज फाइनेंस लिमिट

स्थान: अलवर
तिथि: 21/02/2026

दिए निर्देश — मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा

खाटूश्यामजी का लक्खी मेला आज से, तैनात रहेंगी 108 एम्बुलेंस

- **मेले में तैनात करेगा चिकित्सा विभाग का जाब्ता**

सीमा सन्देश संवाददाता

सीकर। खाटूश्यामजी के फाल्गुन के लक्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा विभाग की ओर से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं व सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। खाटूश्यामजी का लक्खी मेला 21 फरवरी से शुरू होगा। मेले में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए मेडिकल प्वाइंट पर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकूल शर्मा के निर्देशन में विभाग की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा व सेवाएं मुहैया करवाई जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी, फार्माशिस्ट, लैब टैक्निशयन, एएनएम व सीएचओ का तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 70 से अधिक चिकित्सा अधिकारी, 225 से अधिक नर्सिंग अधिकारी, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन, एएनएम, एआरजी, सीएचओ की ड्यूटी लगाई गई हैं। इसके अलावा मेले आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध व ताजा खाद्य वस्तुएं, प्रसाद सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा, सुरेश कुमार शर्मा व प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मेले में खाद्य वस्तुओं की दुकानो व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर वस्तुओं के ज्यादा से ज्यादा सैम्पल लेने के निर्देश दिए गए हैं। मेले में संक्रामक रोग नहीं फैले व यात्रियों को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके, इसके लिए जल स्त्रोतों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से पेयजल शुद्धीकरण के लिए एमपीडब्ल्यू प्रहलाद मीणा, कैलाश सेपट व गजानंद खटीक की टीम का गठन किया गया है, जो मेले स्थल के आस पास के जल स्त्रेतों में ब्लीचिंग पाउडर तथा क्लोरीनेशन का कार्य करवाएंगे। मेले के प्रभारी पलसाना बीसीएमओ डॉ नितेश कुमार शर्मा को तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी खाटूश्यामजी डॉ गोगराज सिंह निठारवा को सहायक मेला प्रभारी नियुक्त किया है। इसके अलावा मेले में पर्याप्त संख्या में 108 एम्बुलेंस, बेस एम्बुलेंस तैनात रहेगी।

सीएमएचओ ने की समीक्षा

उप जिला अस्पताल खाटूश्यामजी में शुक्रवार को मेले की व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में खाटूश्यामजी में मेला स्थल पर विभिन्न स्थानों पर बनाए मेडिकल बूथ और उन पर चिकित्सा अधिकारियों व पैरा मेडिकल स्टाफ की रोटेशन से 24 घंटे ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मेले के प्रभारी पलसाना बीसीएमओ डॉ नितेश शर्मा व सहायक नोड्ल अधिकारी पीएमओ खाटूश्यामजी डॉ गोगराज सिंह निठारवाल ने चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा उपस्थिति दर्ज करवाए जाने की जानकारी दी। समीक्षा बैठक में सीएमचओ डॉ अशोक महरिया व मेला प्रभारी डॉ नितेश शर्मा ने सभी चिकित्सा अधिकारियों व पैरा मेडिकल स्टॉफ को श्रद्धालुओं की सेवाभाव से कार्य करने तथा मेडिकल बूथ पर गणवेश में रहने के निर्देश दिए। बैठक में मेले के लिए लगाए गए चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।